## ईओडब्ल्यू की कार्यवाही: रिश्वतखोर उपयंत्री और रोजगार सहायक को रिश्वत लेते किया ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ⏩ चौरई

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर ने छिंदवाड़ा में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक उपयंत्री और एक ग्राम रोजगार सहायक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपियों की पहचान नीरज डेहरिया, उपयंत्री, जनपद पंचायत चौरई और आशीष शर्मा, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत खिरखिरी के रूप में हुई है।

### क्या है मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत खिरखिरी की सरपंच आरती वर्मा से दोनों आरोपियों ने नाली और सड़क निर्माण के कार्य के निरीक्षण और कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। उपयंत्री नीरज डेहरिया ने 50,000 रुपये और ग्राम रोजगार सहायक आशीष शर्मा ने 15,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।कैसे हुई शिकायत?शिकायतकर्ता लालजी सोलंकी, निवासी ग्राम खिरखिरी ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर को 15 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज कराई कि उसके भाई की पत्नी आरती वर्मा ग्राम पंचायत खिरखिरी की सरपंच हैं और दोनों आरोपियों द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की सत्यापन प्रक्रिया में शिकायत सत्य पाई गई।



### कैसे हुई कार्रवाई?

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम ने 18 जुलाई 2025 को दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ने के लिए जाल बिछाया। टीम ने दोनों आरोपियों को चौरई कस्बा में एक साथ रिश्वत की पहली किश्त लेते हुए पकड़ लिया। उपयंत्री नीरज डेहरिया के पास से 25,000 रुपये और ग्राम रोजगार सहायक आशीष शर्मा के पास से 5,000 रुपये बरामद किए गए।ट्रैप दल की टीमआर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की ट्रैप दल की प्रथम टीम में श्री मनजीत सिंह, उपुअ, श्रीमती प्रेरणा पाण्डेय, निरीक्षक, श्री मोमेन्द्र कुमार मर्सकोले, निरीक्षक, आर० सगीर खान और आर० सुमित पाण्डेय शामिल थे। अतिरिक्त टीम में श्री ए. व्ही. सिंह, अपुअ, श्रीमती भूमेश्वरी चौहान, निरीक्षक, प्र०आर० कयूम खान, आर० सुमित रजक और श्रीमती जसलीन कौर शामिल थे।आगे की कार्रवाईआर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम ने दोनों आरोपियों से बरामद राशि को जब्त कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वनविभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की दी सलाह

## पहले बकरी, फिर महिला, अब गाय के बछड़े को तेंदुए ने बनाया शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏩ परासिया

नेहरिया - बाघबर्दिया वन परिक्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार जारी है। बीते 3 दिनों में तेंदुए ने पहले बकरी, फिर एक महिला और अब एक गाय को अपना शिकार बनाया है। इस क्षेत्र में तेंदुए की उपस्तिथि के चलते ग्रामीणों में दहशत है। जंगलों के बीच अपने खेतों में जाने से ग्रामीण डर रहे हैं। वहीं तेंदुआ गाँव में आकर पालतू जानवरों को अपना शिकार बना रहा है। शुक्रवार को तेंदुए ने झुर्रे क्षेत्र में मोहन कवरेती नामक व्यक्ति की गाय के बछड़े का शिकार कर लिया। सूचना मिलते ही वन विभाग के लोग मौके पर पहुंचे और प्रकरण बनाया, ताकि पीड़िति को मुआवजा दिया जा सके। वन परिक्षेत्र अधिकारी अलका भूरिया ने बताया, कि पीड़ित को 8 से 10 हजार रूपए तक मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया, कि किसी पालतू पशु के शिकार होने पर अधिकतम 15 हजार रूपए मुआवजा दिया जाता है, चूंकि पीड़ित का पशु छोटा है, इसलिए 8 से 10 हजार तक ही मुआवजा मिल सकेगा। इधर वन अमला तेंदुए की तलाश में लगा हुआ है, पर वह हाथ नहीं लग रहा है। तेंदुए की खोज में कुछ सी सी कैमरे भी विभाग की ओर से लगाए गए हैं। जल्द ही तेंदुआ हाथ नहीं लगा तो मुआवजा देने के चलते विभाग का खजाना खाली होने के आसार लग रहे हैं।

## अतिक्रमणकारियों की खैर नहीं, भेजा जेल, एसडीएम ने कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏩ चौरई

छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के समक्ष प्रस्तुत शिकायती आवेदन पत्र जो कि समस सीमा में रखा गया था। उक्त शिकायती आवेदन एवं कलेक्टर के निर्देशो के आधार पर ग्राम गुमगांव दावाझिर तहसील चांद जिला छिंदवाडा में स्थित शासकीय भूमि की अतिक्रमण के संबध में जांच कराये जाने के उपरांत कुल 10 व्यक्तियो के अतिक्रमण होना पाया गया। जिनके तहसीलदार चांद के द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनवाई करने के उपरांत बेदखली का आदेश पारित किया गया।

तहसीलदार चांद के द्वारा आदेश पारित होने के उपरांत भी अतिक्रमणकारीयों के द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाये जाने से तहसीलदार चांद के द्वारा उनके विरुद्ध सिविल जेल की कार्यवाही हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चौरई के समक्ष भेजे गये थे। जिनकी सुनवाई उपरात भी अतिक्रमणकारीयों के द्वारा शासकीय भूमि मे से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उक्त 10 अतिक्रमणकारीयों मे से कुल 06 अतिक्रमण कारी आज थाना प्रभारी चांद के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने पर उन्हे सिविल जेल छिंदवाडा भेजा गया।जिन अतिक्रमणकारीयों को जेल भेजा गया इनका नाम अतिक्रमणकारी का नाम निवासी शिवचरण पिता टीकाराम वर्मा जाति लोधी,ओमनारायण पिता अजबसिंग वर्मा जाति लोधी ग्राम गुमगांव तहसील चांद जिला छिंदवाडा,चैतराम पिता सुखलाल वर्मा जाति लोधी ग्राम गुमगांव तहसील चांद जिला छिंदवाडा,संग्राम पिता हेमराज वर्मा जाति लोधी ग्राम गुमगांव तहसील चांद जिला छिंदवाडा, गाजर उर्फ रामकुमार पिता परसू वर्मा जाति लोधी ग्राम गुमगांव तहसील चांद जिला छिंदवाडा,मेहतू पिता ददू वर्मा जाति लोधी ग्राम गुमगांव तहसील चांद जिला छिंदवाडा ग्राम गुमगांव तहसील चांद जिला

### खाद के लिए कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**परासिया** :- परासिया विधायक द्वारा एक ओर जहां वनभूमि मामले में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा तो वहीं यूरिया खाद की बिक्री में दुकानदारों द्वारा अधिक कीमत में खाद बेचे जाने की जांच किये जाने को लेकर कलेक्टर के नाम भी ज्ञापन सौंपा। दोनों ही ज्ञापन देने के दौरान सभी कांग्रेस विधायक, जिला अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी, अशोक आम्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष जमील खान, पूर्व जनपद अध्यक्ष रईस खान, जनपद सदस्य कृपाल मर्सकोले, राजकुमारी इवनाती, नप अध्यक्ष भरत डेहरिया, गोविन्द बिजोलिया, अनुपमा राय, परासिया कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय, उमरेठ ब्लॉक अध्यक्ष मानक बेलवंशी, परासिया नगर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, प्रतिभा सोनी, बसंत मालवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अपनी जीविका बचाने कांग्रेस के साथ आए आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ⏩ परासिया



जिले भर में वनभूमि पर रहकर अपना जीवन यापन करने वाले आदिवासी, अपनी जीविका बचाने के लिए शुक्रवार को कांग्रेस के साथ आए और वनभूमि से आदिवासियों को हटाने के खिलाफ हल्ला बोला। परासिया कांग्रेस विधायक सोहन वाल्मीकि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग परासिया बाजार में इकट्ठे हुए। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए सभी तहसील पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन देने से पूर्व थाने के समीप बाजार क्षेत्र में आम सभा सम्बोधित की गई जिसे जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, सौंसर विधायक विजय चौरे, पांढुर्ना विधायक निलेश उइके, जामई विधायक सुनील उइके, परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि आदि ने सम्बोधित करते हुए भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार को गरीबों, किसानों और आदिवासियों की विरोधी बताया। मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया, कि परासिया विधान सभा के अन्तर्गत जो वन भूमि खाली पड़ी हुई है, उस वन भूमि में अनुसूचित जनजाति वर्ग व अन्य वर्ग गरीब परिवारों के लोग लगभग 100 वर्षों से भी अधिक समय से खेती किसानी करते आ रहे हैं और अपने परिवार की जीविका चला रहे है, परन्तु वर्तमान में वन विभाग द्वारा ऐसे सभी अनुसूचित जनजाति व अन्य समुदाय गरीब वर्ग के लोगों को जो वन भूमि में खेती कर रहे है, उन्हें वन भूमि में खेती करने से मना किया जा रहा है। उन पर वन भूमि से बेदखली की कार्यवाही की जा है, जो उचित नहीं है, क्योंकि ये सभी गरीब वर्ग के लोग हैं। इसके अलावा इनके पास जीवन यापन करने का कोई अन्य साधन नहीं है।

### आज होगी अध्यक्षों की बैठक

**छिन्दवाड़ा**:- कांग्रेस सेवादल के शहर उप ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक दिनांक 19 जुलाई 2025 दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे राजीव कांग्रेस भवन में होगी। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि आयोजित बैठक में शहर के सभी उप ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। संगठनात्मक विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने किया लार्वा सर्वे डेंगू और मलेरिया से बचने लोगों को किया जागरूक

**इकलेहरा**। परासिया उप स्वास्थ्य केंद्र इकलेहरा के स्वास्थ्य कर्मियों ने इकलेहरा के वार्ड 1 में बुधवार को लार्वा सर्वे किया। उन्होंने घर - घर जाकर लोगों को डेंगू और से मलेरिया से बचने के उपाय बताएं और जागरूक भी किया। एएनएम तबस्सुम कुरैशी और उनकी टीम के द्वारा लार्वा सर्वे के दौरान लोगों के घर में जाकर कूलर, पानी की टंकी आदि में इकट्ठे पानी की जांच की गई। एएनएम तबस्सुम कुरैशी ने बताया, कि घरो या नालियों या गड्ढों में भरे पानी में अक्सर चामडोल हो जाती हैं। जिससे आगे चलकर मलेरिया और डेंगू मच्छर पनपते हैं और इनसे खतरनाक बीमारी होनेका खतरा पैदा हो जाता है। उन्होंने समझाइश दी, कि घरों में मौजूद टंकियां कलरों आदि में पानी इकट्ठा ना करें। पानी को बदलते रहें। वहीं घर के आसपास मौजूद गड्ढों में पानी न भरने दें और सफाई रखें। जिससे मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारी से बचा जा सकता है।

## करणी सेना ने हरदा में पुलिस बर्बरता के विरोध में कलेक्टर को दिया ज्ञापन

### पुलिस थाना पहुंचे करणी सेना के कार्यकर्ता, दर्ज कराई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏩ पांढुर्णा

करणी सेना परिवार जिला पांढुर्ना ने आज कलेक्टर कार्यालय में हरदा में राजपूत प्रार्थी के साथ पुलिस द्वारा की गई बर्बरता और आरोपी पक्ष पर की जा रही मेहरबानी के विरोध ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन में हरदा जिले के घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि एक हीरा खरीद से जुडे धोखाधडी के मामले में आशीष राजपूत ने वहां के पुलिस थाना में मोहित एवं उमेश के विरूद्ध शिकायत दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार तो किया लेकिन बिना किसी कारवाई के छोड दिया।

पीडित आशीष राजपूत द्वारा पुलिस से लगातार संपर्क कर अपनी शिकायत पर कारवाई की मांग की जाती रही। लेकिन पुलिस विभाग द्वारा कोई संतोषजनक कारवाई नहीं की गई। इसके बाद नाराज होकर जब आशीष राजपूत ने पुलिस से एफआयआर, मामला कोर्ट में पेश किए जाने और आरोपी की रिमांड या जमानत के बारे में विवरण की मांग की। इसके बाद पुलिस ने गुस्से में शिकायतकर्ता और उसके साथी जो थाना में गए थे को अपमानित किया और उनके साथ अभद्रता करते हुए बुरी तरह मारपीट कर सभी को गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद करणी सेना के सदस्यों ने हरदा में पुलिस के खिलाफ धरना चालू कर दिया। धरना पक्ष और प्रशासन के बीच संवाद करने के उद्देश्य से पहुंचे करणी सेना परिवार के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर धरना स्थल पर पहुंचे तो पुलिस ने उन पर भी हमला किया और लाठियों से उनके सिर पर प्रहार किया जिसका वीडियो पहले से ही वायरल है। इसके बाद हरदा में छात्रावास में निवास कर रहे नागरिक इस मामले में पुलिस के पास संवाद करने पहुंचे तो पुलिस ने छात्रावास का गेट तोडकर वहां भी लाठीचार्ज कर बच्चों एवं महिलाओं के साथ धक्कामुक्की की।

## बुधवारी बाजार में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने 10 दिन में किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

कोतवाली पुलिस ने चार अलग अलग चोरियों का खुलासा करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना का संक्षिप्त विवरण

**पहला मामला**: दिनांक 14.05.2025 को प्रार्थी जितेंद्र सिंह बघेल निवासी आनंदम टाउनशिप छिन्दवाडा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनाँक 10.05.2025 को घर में ताला लगाकर सिवनी गया था दिनाँक 14.05.2025 को घर आकर देखा तो घर का ताला टुटा था घर के अंदर रखे सोना चांदी के जेवर एवं नगदी रुपये किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 290/2025 धारा 305 (ए), 331 (4) BNS पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

**दूसरा मामला**: दिनांक- 19.05.2025 को प्रार्थी विशाल सोनी निवासी चुना गली छिन्दवाडा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनाँक 18.05.2025 की रात्रि मे किसी अज्ञात चोर के द्वारा घर का ताला तोडकर घर में प्रवेश कर सोना चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 299/2025 धारा 305(ए), 331(4) BNS पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

**तीसरा मामला**: दिनांक- 01.07.2025 को प्रार्थी विशाल राय निवासी बुधवारी बाजार छिन्दवाडा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनाँक 29.06.2025 की रात्रि मे किसी अज्ञात चोर के द्वारा उसकी बुधवारी बाजार स्थित दुकान का ताला तोडकर 35 हजार रुपये चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 385/2025 धारा 305(ए), 331(4) BNS पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

**चौथा मामला** : दिनांक- 07.07.2025 को प्रार्थी अमित कुमार कश्यप निवासी परासिया रोड छिन्दवाडा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनाँक 06.07.2025 की रात्रि मे किसी अज्ञात चोर के द्वारा घर का ताला तोडकर घर में प्रवेश कर चांदी की मुर्ति चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 401/2025 धारा 305 (ए), 331 (4) BNS पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

## कुण्डीपुरा पुलिस ने अंधे कत्ल का किया पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा



मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के थाना कुण्डीपुरा पुलिस ने एक अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला ग्राम इसरा उमरिया का है, जहां 28 जून 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान ग्राम आमटा टोला निवासी मनीराम जमोरे (उम्र 55 वर्ष) के रूप में की गई थी।

घटनाक्रम का विवरणःकोटवार सुनील नांदेवार द्वारा मोबाइल पर सूचना दी गई थी कि ग्राम इसरा उमरिया में सूपचंद इवनाती के घर के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। थाना कुण्डीपुरा की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए। पीएम रिपोर्ट में भी किसी कठोर वस्तु से मारकर हत्या की पुष्टि हुई।प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई।

### जांच में बड़ा खुलासा

टीम ने मौके के आ.सपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपी मंगल सिंह (उम्र 30 वर्ष), निवासी धनोरा गोसाई, को घटना स्थल के आस-पास देखा गया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि 27 जून को वह अपने ससुराल इसरा उमरिया जा रहा था, तभी रास्ते में मनीराम ने उससे लिफ्ट मांगी। दोनों ने मिलकर शराब पी और फिर आपसी विवाद के बाद मंगल सिंह ने मोटी खुब्बेदार लकड़ी से मनीराम के सिर व चेहरे पर वार कर उसकी हत्या कर दी। बाद में ससुर को फंसाने की नीयत से शव को उनके घर के पास फेंक दिया।

### आरोपी से जप्त सामग्री

हत्या में प्रयुक्त लकड़ी,घटना समय पहने हुए कपड़ेआई स्मार्ट मोटरसाइकिल,POCO कंपनी का मोबाइल फोन

**विशेष भूमिका**:थाना प्रभारी महेन्द्र भगत के नेतृत्व में उप निरीक्षक अविनाश पारधी, करिश्मा चौधरी, डोलसिंह बरकडे, सउनि मनोज रघुवंशी, राजेश शर्मा, प्रआर रविन्द्र ठाकुर, विनोद राजपूत, हरीश वर्मा, रंजीत विश्वकर्मा भूमिका रही।

### प्रतिदिन अलग-अलग यजमान कर रहे पूजन और रुद्राभिषेक

## श्रीराम मंदिर में सावन माह में महादेव के अभिषेक का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा के हृदय स्थल छोटी बाज़ार स्थित ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर में सावन माह के शुभ अवसर पर भगवान शिव का प्रतिदिन रुद्राभिषेक विधिवत रूप से किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि हर दिन अलग-अलग श्रद्धालु यजमान बनकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और अभिषेक कर रहे हैं।

सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल सोनी ने बताया कि सुबह 7 बजे से शुरू होने वाले अभिषेक कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री वेद मंत्रों के साथ भगवान शिव का दुग्ध, जल, शहद, दही, घृत एवं गंगाजल से रुद्राभिषेक करवा रहे हैं। अभिषेक के पश्चात भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, आक एवं पुष्प अर्पित किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर शिव भजनों, शंखध्वनि और घंटियों की गूंज से भक्तिमय वातावरण में डूबा रहता है। शुक्रवार को ज्योतिषी एवं भागवत कथा वाचक पंडित वीरेंद्र शुक्ल यजमान के रूप में शामिल हुए। मंदिर समिति के सचिव सतीश दुबे लाला ने बताया कि सावन भर के लिए यजमान निशुल्क पंजीयन मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री के पास करवा सकते है। श्रद्धालुओं के लिए भी अभिषेक पूजन एवं दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है।

अभिषेक में शिवभक्तों की संख्या में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। श्रद्धा और आस्था से पूरा परिसर गूंज रहा है।छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां सावन माह में यह आयोजन लंबे समय से परंपरागत रूप से होता आ रहा है। इस आयोजन में युवाओं की भागीदारी भी विशेष रूप से देखी जा रही है। श्रद्धालु इस आयोजन को अपना सौभाग्य मान रहे हैं और भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

## मंदिर की भूमि पर कब्जे को लेकर पुलिस से शिकायत

**बड़कुही / परासिया** : बड़कुही के वार्ड 13 में स्तिथ दुर्गा मंदिर की भूमि पर जबरन कब्ज़ा करने और मंदिर की संपत्ति की तोड़फोड़ किये जाने की शिकायत बंगाली समाज के लोगों द्वारा पुलिस में की गई है। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के गोपाल चक्रवर्ती, मानिक भट्टाचार्य, तापस पाल, सिद्धार्थ मुखर्जी, निशांत राहा, सुब्रत राय, और सुजीत गोस्वामी द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है, कि बाबूराव अलोने, लीला अलोने, प्रदीप अलोने, राजेश कनोजिया और मुस्ताक राईन के द्वारा मंदिर की दीवार तोड़ कर लोहे का गेट लगा लिया गया है और मंदिर की जमीन पर जबरन कब्ज़ा किया गया है। समाज के लोगों ने पुलिस से मामले में उचित कार्यवाही की मांग रखी है।



Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara
Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## पौधारोपण करवाने वाले अधिकारी ही अपने परिसर में सागौन रोंदे जाने से अनजान

# सचिव ने बीआरसी कार्यालय के पीछे लगे सागौन के पेड़ जेसीबी, फ्यूरी मशीन से रौंद डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जनपद पंचायत की मुख्यालय ग्राम पंचायत सचिव अधिकारियों के मिले संरक्षण के चलते भ्रष्टाचार के फन में माहिर है। इसी योग्यता के बलबूते डोब ग्राम पंचायत सचिव को अनावस्यक रूप से शासकीय धन की लूट मचाने उनको नियम विरुद्ध पूर्ण कालिक सचिव होने के बावजूद भी अधिकारियों ने अपने भरोसे के साथ भ्रष्टाचार करने अतिरिक्त प्रभार दे डाला और अधिकारियों के भरोसे पर वे पूरी तरह खरे उतरे। उन्होंने इस ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के नए नए आयाम भी स्थापित किये, जिनकी मिशाल सार्वजनिक शौचालय साप्ताहिक बाजार शौचालय बीआरसी परिसर में पर अनावश्यक रिटर्निंग बाल सीमेंट रोड भारिया ढाना पुलिया शहित ईनके कार्यकाल में कराए गए भ्रष्टाचार की कहानी एवं फर्जीवाड़ा निर्माण कार्य स्वयं बयां कर रहे हैं। लेकिन अब इनकी कार्य प्रणाली करगुजारियों में तब्दील हो चुकी है क्योंकि ये अब पर्यावरण से भी खिलवाड़ करने में पीछे नहीं है। इसका जीता जागता उदाहरण बीआरसी कार्यालय के ट्रेनिंग हाल के पीछे लगे सागौन के पेड़ों को भी निर्माण कार्य में सहूलिया के हिसाब से मिटाने में नहीं हिचके जबकि प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर वृक्षारोपण करवा रहे हैं, लेकिन सचिव बीआरसी जिनके जिम्मेदारी पौधारोपण करने की है। यदि वही कार्यालय में जिस सीट पर भी बैठकर कार्यालय की कार्यवाही करते हैं। इसी खिड़की के पास यदि सचिब, जेसीबी, फ्यूरी मशीन, को कांक्रीट करने ले जाने की गरज से ने चंद रूपये बचाने के चक्कर में सागौन के पेड़ों को मिटा डाला। ये अब इतने निरंकुश हो चुके है। इन सचिव पर जिला पंचायत जनपद पंचायत सहित सहायक यंत्री उपयंत्री मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ये सारे के सारे या तो सचिव कमीशन के बोझ तले दबे हुए हैं या उनके रसूख एवं ऊंची राजनैतिक, प्रशासनिक पकड़ से भयभीत होकर अपने आप को इनसे दूर रखने में भलाई समझ रहे हैं। अब इनकी कारगुजारियां तो यही साबित करती है। सबसे हैरत करने वाली बातें है कि यहां के पले पलाए सागौन के पेड़ों को भी रौंद डाला जिसे समझा जा सकता है कि यहां के बीआरसी भी तामिया सचिव के खिलाफ कार्यवाही तो दूर की बात मौखिक बोलने का साहस नही दिखला पाए। इस तरह वृक्षारोपण की अनदेखी के साथ-साथ इसका मजाक उड़ाया है। अब देखना यह है कि निर्माण कार्यों के अलावा पर्यावरण को हानी पहुंचने वाले सचिव के खिलाफ कार्यवाही कम से कम सागौन के पेड़ों को हानि पहुंचाये जाने पर होनी चाहिए।



### इनका कहना है

जब तामिया बीआरसी से सचिव द्वारा कंक्रीट कार्य के लिए फ्यूरी जेसीबी मशीन ले जाने के चलते कार्यालय के पीछे सागौन के पौधे रौदे जाने संबंधि चर्चा की गई तो उनका कहना था कि हमने पंचायत को शर्तों के आधार पर रिटर्निंग बाल बनाने अनुमति दी थी सागौन के पेड़ो को हानि पहुंचाने संबंधि पत्र व्यवहार किया जाएगा।

**किशोर कुमार पांडेय**
**बीआरसी, तामिया**

## एक पेड़ मां के नाम का हनुमान लोक में हुआ आयोजन

**सौसर।** चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक) परिसर, जामसांवली में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस अवसर पर कलेक्टर पांढुर्णा अजय देव शर्मा,एसडीएम सिद्धार्थ पटेल,मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम सहायक यंत्री श्रीमती प्रियंका पटेल,मुकेश साहू, संस्थान संरक्षक दादाराव बोबडे, अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा,उपाध्यक्ष संतोष डवरे ,जिला अध्यक्ष भाजपा ट्रस्टी संदीप मोहोड़, सचिव टीकाराम कारोकर मनोहर शेलकी, श्रीराम डवरे,भीमराव वाकोड़े भास्कर गुड़धे,राजू बविस्टाले,दिलीप बत्रा, नीलेश खंडाईत,उज्ज्वल सनाढ्य,राघव शर्मा आदित्य बाबरिया आदि थे। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने अभियान के महत्व और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया, यह रेखांकित करते हुए कि हमारी धरती को बचाने के लिए ऐसे प्रयास आवश्यक हैं।संस्थान के अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा जी ने इस पहल को माताओं के सम्मान में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में मदद करेगा, इस दौरान जामसावली मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों का वृक्षारोपण करते हुए पेड़ों एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।




# लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

18 जुलाई को नगर मे साहित्यसम्राट अण्णाभाऊ साठे की पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए लोगों ने अन्नाभाऊ साठे भवन परिसर में बने हुए स्मारक पर पहुंचकर श्री साठे के प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दि,मुक्ता साल्वे महिला मंडल सौसर,लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे समिति सौसर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़सौसर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा आदि थे, श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहड़, प्रवीन सनेसर,ने कहा की लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे के द्वारा विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हुए असमानता की बेड़ियों को तोड़कर अपनी लेखनी के माध्यम से कादंबरी एवं उपन्यास कविताओं को लिखकर समाज और देश में जनजागृति का कार्य किया है। आयोजन के दौरान आगामी 1 अगस्त को लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे के जयंती के अवसर पर सौसर में विभिन्न कार्यक्रमों की आयोजन को लेकर चर्चा एवं रूपरेखा भी बनाई गई है। कार्यक्रम का संचालन.घनश्याम सनेसर ने किया,आयोजन में दुर्गेश सनेसर,धनराजजी वाघमारे, सुधाकर सनेसर,सागर सनेसर,जितेंद्र वानखडे,प्रविन सनेसर, कैलाश वानखडे,,डॉ प्रमोद तेलंगे,मुक्ता साल्वे महिला मंडलअध्यक्ष- श्रीमती सविता तेलंगे, उपाध्यक्ष श्रीमती गरिमा तेलंगे, सचिव रजनी सनेसर,पँचपुला इंगले आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## आहरण सरकारी राशि का हो रहा बंदरबांट

**दमुआ।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव के तहत आने वाली ग्राम पंचायते पील्हावाडी, गुरेंखुरईमऊ, झापिया, बातरी, तराई, सहित अन्य पंचायतो में विकास निर्माण कार्य के नाम पर अनेक योजनाऐं चलाई जा रही है जिसमें मनरेगा के तहत मेढ बंधान, तालाब , डेम में काम करने वाले मजदूरो के फर्जी हजारी भरकर मस्टर रोल में वेतन निकाल रहे है ग्राम पंचायत के संबंधित सरपंच , सचिव ग्राम सहायक और , सुरपवाईजर मेट की मिली भगत से फर्जीवाडा किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है ।

## जरूरतमंदों ने लिया भण्डारे का लाभ




**छिंदवाड़ा।** ( लिंगा ). परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू की पावन प्रेरणा से लिंगा आश्रम में प्रति माह अमावस्या के आसपास भण्डारे का आयोजन सम्पन्न होता हैं । जिसमें आश्रम के आसपास के ग्रामों के सैकड़ों जरूरतमंद परिवारजनों को राशन , अनाज , वस्त्र दवाई आदि निःशुल्क भेंट की जाती हैं। इसी कड़ी में आज भण्डारे का आयोजन किया गया । इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन का सत्संग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । साध्वी बहन ने बताया कि पूज्य बापूजी ने आत्मकल्याण के लिए हम सब को सेवा का मार्ग बताया है । गरीब गुरबों की सच्ची सेवा भगवान नारायण की ही सेवा है । इस आश्रम से वर्ष भर अनगिनत सेवाएं संचालित होती हैं जिसमें सैकड़ों स्कूलों में गीता जयंती महोत्सव , पर्यावरण संरक्षण हेतु तुलसी पूजन , औषधीय पौधे रोपण , मातृ - पितृ पूजन दिवस , दिपावली पर्व पर भण्डारे , गर्मी में छाछ और जल सेवा वितरण , विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर , ज्ञापन सेवा , संकीर्तन यात्रा की सेवाएं ऐसी अनगिनत सेवाएं हैं जो वर्ष भर चलते रहतीं हैं जिसमें प्रतिवर्ष लाखों लोग लाभांवित होतें हैं ।इसके अलावा जिला जेल में प्रतिमाह सत्संग और देशभर के कोने कोने में सत्संग आयोजित होते हैं। जिसमें सनातन संस्कृति और गुरु ज्ञान का प्रचार - प्रसार होता है । इन सेवाकार्यों में सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहतें हैं । आश्रम प्रबंधक द्वारा गरीब जरूरतमंदों के बकायदा राशन कार्ड बनाये गए हैं ताकि उन्हें भेट लेने में आसानी हो।

# औषधीय खेती को बढ़ावा देने बताई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



शुक्रवार को ग्राम पंचायत ढोकडोह में देवारण्य योजना के अंतर्गत अश्वगंधा की खेती पर खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, मिली जानकारी के अनुसार आयुष विभाग पांढुर्णा सौसर द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ प्रमिला यावतकर के मार्गदर्शन मे देवारण्य योजना के अंतर्गत औषधीय पौधे अश्वगंधा की खेती से संबंधित एक दिवसीय खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला मे 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, इस कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को औषधीय खेती की ओर प्रोत्साहित करना एवं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था,प्रशिक्षण में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुजाता वाहने द्वारा प्रतिभागियों को अश्वगंधा की वैज्ञानिक एवं पारंपरिक खेती, अनुकूल भूमि, जलवायु, फसल चक्र, औषधीय महत्व, उत्पादन प्रक्रिया एवं विपणन जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान करते हुए शासन के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ लेने की अपील की,इस अवसर पर ग्राम पंचायत ढोकडोह सरपंच संदीप तेजराव बहातकर द्वारा ग्रामीणों को औषधीय फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसे एक सकारात्मक पहल बताया।

## पुलिस चला रही नशा मुक्ति जनजागरूता अभियान

**दमुआ।** म.प्र. के मुख्य मंत्री मान. डॉ. मोहन यादव जी की प्रेरणा एवं पुलिस अधिक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे जी के कुशल मार्ग दर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक आयुष गुप्ता जी के निर्देशानुसार चलये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत दमुआ पुलिस द्वारा शहर के स्कूलो में पहुंचकर छात्र छात्राओं एवं आम जन को नशा से दूरी बनाये जाने के लिए समझाईश दी जा रही है तथा नशा से होने वाले नुकसानो एवं दुष्प्रभावो के बार में विस्तार से जानकारी दी जा रही है जैसे शराब, गुटका ,सिगरेट , बीडी तम्बाकू, पान मसाला, गांजा अफीम , मुनक्का इत्यादि अनेक नशीले पदार्थो से आज युवा पीढि अपनी चुंगल में फंस चुकी है जो धीरे धीरे इंसान के शरीर को , दिमाग को समाज को खोखला कर देता है विनाश कर देता है तथा नशा करने से कई प्रकार की बिमारी हो जाती है और गम्भीर बिमारी होने पर पैसा लगाकर बर्बाद भी हो जाता है फिर भी स्वास्थ्य ठीक नही होता और अंत मे मौत की आगोश में समा जाता है।

## प्रदेश में चरम सीमा पर भ्रष्टाचार, लगातार बढ़ रहा कर्ज का बोझः किशोर समरीते

# मप्र शराब घोटाले की जांच के लिये सीबीआई की जांच का दायरा बढ़ाए भारत सरकार

हरिभूमि न्यूज लांजी।



संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी-किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने भारत सरकार के केबिनेट सचिव को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश में शराब घोटाले की जांच के लिये सीबीआई की जांच का दायरा बढ़ाए जाने की मांग की है। श्री समरीते ने अपने पत्र में उल्लेख किया है की मध्यप्रदेश में 2006 से जुलाई 2025 तक 20 हजार करोड़ का शराब घोटाला है। तत्कालीन आबकारी आयुक्त राकेश श्रीवास्तव, अरूण भट्ट तथा वर्तमान में अभिजीत अग्रवाल इस शराब घोटाले में शामिल हैं। मध्यप्रदेश में सभी जिलों के आबकारी अधिकारी तथा 200 शराब ठेकेदार इस मामले में लिप्त हैं। भारत सरकार ने तेलगांना राज्य तथा दिल्ली शराब घोटाले की जांच करवायी है तथा कुछ राज्यों में सीबीआई एवं प्रवर्तन निर्देशालय ने नोटिस जारी किये हैं। मध्यप्रदेश राज्य सरकार तो 3.75 लाख के कर्ज में रहते हुये शराब ठेकेदारों से 2021 एवं 2022 का ठेकेदारों से राजस्व वसूली नहीं कर पायी तथा मप राज्य सरकार के महाधिवक्ता ने राज्य शासन के विरूद्ध ठेकेदारों से वसूली के मामले में माननीय उच्च न्यायालय से ठेकेदारों को स्थगन दिलवाने में मदद की है। मध्यप्रदेश में आबकारी शुल्क की प्राप्ति नहीं हो पा रही है। इसके विपरीत मध्यप्रदेश राज्य शासन एवं राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार अधिनियम 1988 के तहत जांच करने वाली जांच एर्जेसियों को भ्रष्टाचार अधिनियम 1988 की धारा 17 ए एवं 18 ए में बिना शासन की अनुमति के जांच नहीं करने का निर्देश जारी कर इन सभी एर्जेसियों जिनमें लोकायुक्त आर्थिक अपराध अनुसंधान विंग एसटीएफ , एटीएस तथा राज्य की पुलिस को भी निर्षक्रिय कर दिया है। इसके अलावा केन्द्र की जांच एर्जेसियों को भी बिना राज्य शासन की अनुमति के मध्यप्रदेश में जांच करने पर रोक लगाकर रखी है। इससे मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर बढ़ रहा है तथा मध्यप्रदेश में लगातार कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। श्री समरीते ने मध्यप्रदेश में शराब घोटाले की जांच के लिये मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन से सीबीआई जांच का अनुमोदन बुलवाकर सीबीआई जांच का दायरा बढ़ाकर मध्यप्रदेश में भी शराब घोटाले की जांच करवाने की मांग की है।

## सब जूनियर अंडर 14 फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला आज

# बालाघाट व मंडला के बीच होगा खिताबी मुकाबला



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वीरांगना रानी अवंतीबाई स्टेडियम वारासिवनी में आयोजित सब जूनियर अंडर 14 नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप 2025 अपने अंतिम चरण में पहुँच चुकी है। 14 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूरे जोश और प्रतिस्पर्धा के साथ मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के फाईनल में बालाघाट और मंडला का मुकाबला 19 जुलाई को दोपहर ढ़ाई बजे से खेला जायेगा।

प्रतियोगिता के चौथे दिन हुए पहले सेमीफाइनल में मंडला और सिंगरौली की टीमें आमने-सामने थी। मंडला की टीम ने शानदार तालमेल और आक्रामक रणनीति के साथ सिंगरौली को 6-1 के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मंडला के खिलाडिय़ों ने शुरुआत से ही खेल पर पकड़ बनाते हुए लगातार गोल किए और दर्शकों को बेहतरीन फुटबॉल का प्रदर्शन दिखाया।

दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बालाघाट और बैतूल की टीमें भिड़ी। जहाँ बालाघाट की टीम ने पूरे आत्मविश्वास और तकनीकी कौशल के साथ मैदान में उतरते हुए बैतूल को एकतरफा मुकाबले में 10-0 से शिकस्त दी। यह मुकाबला पूरी तरह बालाघाट के पक्ष में रहा। जिसमें उनके खिलाडिय़ों ने पहले हाफ से ही आक्रामक शुरुआत की और अंत तक गोल दर गोल करते रहे। दर्शकों के लिए यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। जिसमें बालाघाट की रणनीति, फिटनेस और अनुशासन का प्रभाव साफ दिखाई दिया।

प्रतियोगिता की निष्पक्षता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। रेफरी और निर्णायक के रूप में मैदान पर मुकेश तेलासे बालाघाट, नवीन छिंदवाड़ा, अजल सिंह ठाकुर बालाघाट और शिवानंद नैनपुर, बालाघाट फुटबॉल संघ के सचिव सुनील यादव ने अपनी जिम्मेदारी सफलता पूर्वक निभाई।

## दि बुद्धिस्ट सोसा आफ इंडिया की आवश्यक बैठक 20 को

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला शाखा एवं जिले के अंतर्गत आने वाली सभी तहसील,नगर एवं अन्य शाखाओं द्वारा विगत दिनों में धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के माध्यम से किये गये धम्म कार्यो की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर जिला शाखा कार्यालय बूढी वार्ड न.13 बालाघाट में 20 जुलाई को दोपहर 01 बजे से म.प्र. राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी के मुख्यातिथ्य में तथा जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे जी की अध्यक्षता में,प्रदेश उपाध्यक्ष हेमलता ताई डोंगरे, आर.के.कठाने प्रदेश सचिव, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्या. सचिव एवं जिले के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में सदस्यता अभियान एवं पूर्व में बनाये गये सदस्यों की सूची व राशि जमा करना, शाखाओं का गठन एवं पूर्नगठन तथा विगत माह में निर्मित शाखाओं की सूची जमा करना, धम्म प्रशिक्षण शिविरो के आयोजनों पर विचार केन्द्रीय कार्यालय मुंबई के 23 अप्रैल 2025 को आनलाईन बैठक में लिये गये निर्णय, जिसमें बुद्धगया,महाबोधी,महाविहार, मुक्ति आंदोलन,कार्यकर्ता डायरी, शाखाओं की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट की जानकारी देना तथा संस्था का संरक्षण विभाग जिसे समता सैनिक दल कहा जाता है उसका विस्तार करना, वर्ष 2025-26 के धम्मयात्रा (पर्यटन) की रूपरेखा बनाना, बौद्धाचार्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण परिक्षार्थियों के प्रमाण पत्र वितरण सम्मान एवं अन्य विषय जो अध्यक्ष की अनुमति हो उस पर चर्चा की जायेगी।

## जंगली सूअर के हमले से किसान सेवकराम घायल

**वारासिवनी।** इन दिनों क्षेत्र में मनुष्यों पर जंगली सूअर के हमले की घटनाएँ लगातार बढ़ती जा रही है। बरसात के मौसम में खेत में काम करते हुए किसान हो या फिर खेत से लौटते हुए मजदूर। जंगली सूअरों द्वारा उन पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। किसान और मजदूर वन विभाग के डर से इन सूअरों पर हमला कर उन्हें घायल भी नहीं कर पाते हैं, जिससे उन्हें खुद घायल होकर चिकित्सालय में भर्ती होना पड़ रहा हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत अंसेरा से सामने आया हैं। जहॉ सेवकराम पिता लक्ष्मण नागेश्वर उम्र 40 खेत में परहा लगाकर अपने घर वापस लौट रहा था। तभी सडक़ किनारे उस पर एक जंगली सूअर ने अचानक हमला कर दिया। जिससे उसके दोनों पैर व हाथ में चोटे आई। घटना के तत्काल बाद ग्रामीणों ने घायल ग्रामीण सेवकराम को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी लेकर आए। जहॉ पर चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार कर उसे 7 टॉके लगाए गए है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर हैं।

## मामला ग्राम पंचायत खापा की आदिवासी महिला की भूमि को कूटरचित दस्तावेजों से बेचने का

# धोखाधड़ी कर फर्जी रजिस्ट्री करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

किसी अन्य व्यक्ति की भूमि को किसी अन्य व्यक्ति द्वारा बेच देने के मामले में वारासिवनी पुलिस ने खरीदने व बेचने वाले व्यक्तियों के साथ ही गवाहों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया हैं। मामला जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत खापा का हैं। इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया हैं, जहॉ से इन चारों आरोपियों को पूछताछ के लिए सोमवार 21 जुलाई तक के लिए पुलिस रिमांड पर दिया गया हैं। वहीं एक अन्य आरोपी स्वरुप पिता दशरथ टेंभरे झालीवाड़ा फरार हैं।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत खापा में खसरा नंबर 536, 537/1, 538/2 कुल रकबा 1.110 हेक्टर भूमि देवकी बाई पिता कुंजीलाल कुमरे उम्र 60 वर्ष भरवेली बालाघाट के नाम पर दर्ज हैं। जो वर्तमान समय में अपने पति शंकर राव सचदेव के साथ 11 सत्यानंद विहार कॉलोनी रामपुर जबलपुर में रहती है। उनकी इस भूमि पर वारासिवनी क्षेत्र के कुछ भूमाफियाओं की नजर पड़ गई और उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर उस भूमि को वर्ष 2023 में बेच डाला। इस खरीदी बिक्री के खेल में कमला पति जीवन उइके उम्र 58 वर्ष निवासी झालीवाड़ा द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी और बेईमानी करते हुए ममता उर्फ मुनिता पति मनोज मेश्राम उम्र 40 वर्ष ग्राम खापा निवासी को 9 नवंबर 2023 को भूमि बेचकर उसकी रजिस्ट्री उप पंजीयक कार्यालय वारासिवनी में विधिवत रूप से करवा दी।

इस खरीदी बिक्री के खेल में ग्राम खापा निवासी मनोज पिता राघोदास मेश्राम उम्र 53 वर्ष, विकास मेहतलाल गौतम खापा 29 वर्ष एवं झालीवाड़ा निवासी स्वरूप पिता दशरथ टेंभरे ने पहचानकर्ता व गवाह के रुप में अपने हस्ताक्षर किए हैं।

**जानकारी मिलने पर महिला ने की थी शिकायतः** इस मामले की जानकारी भूमि की मुख्य मालकिन देवकीबाई पिता कुंजीलाल कुमरे उम्र 60 वर्ष को लगने पर उसके द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जिसमें उन्होंने उनकी भूमि का क्रय-विक्रय उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा षडय़ंत्र रचकर धोखाधड़ी कर करने का आरोप लगाया था। शिकायत पत्र के आधार पर पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता से जांच की और दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया। जिसमें संपत्ति को बेचने में की गई धोखाधड़ी, षडय़ंत्र, बेईमानी किए जाने की पुष्टि होने पर 17 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं।

पुलिस ने जॉच उपरांत विक्रेता कमला बाई पति जीवन उइके निवासी झालीवाड़ा, क्रेता ममता उर्फ मुनिता पति कमल परते 42 वर्ष मेंहदीवाड़ा, मनोज पिता राघोदास मेश्राम उम्र 53 वर्ष निवासी खापा, विकास मेहतलाल गौतमखापा व स्वरुप पिता दशरथ टेंभरे झालीवाड़ा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 120 बी, 467, 468, 471 के तहत अपराध कायम कर जांच में लेकर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं एक आरोपी अभी फरार है।

### इनका कहना हैः-

इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर 21 जुलाई तक पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया हैं। एक आरोपी स्वरुप पिता दशरथ टेंभरे झालीवाड़ा अभी फरार हैं, उसकी खोज की जा रही हैं।

**पवन यादव जॉच अधिकारी व उपनिरीक्षक थाना वारासिवनी।**

# पाली एकेडेमिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी (लांजी) में मनाया गया नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के एकमात्र प्रशिक्षण महाविद्यालय पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में B.Sc.B.Ed., B.Ed. व D.El.Ed. में नव प्रवेशीत प्रशिक्षणार्थी का प्रवेश उत्सव व स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया यह कार्यक्रम संस्था प्रमुख श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया समस्त नवप्रवेशित विद्यार्थियों का सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। समस्त विषय विशेषज्ञयों प्राध्यापकों के द्वारा अपने विषयों की सारगर्भित जानकारीया प्रदान कराई गई। साथ ही परीक्षा संबंधी अध्यादेश के बारे में समझाया गया महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधिया, स्पोर्टस, महाविद्यालय वार्षिक स्नेह सम्मेलन इत्यादि विषयों पर विभाग प्रभारियों के द्वारा चरण बद्ध तरीके से सारगर्भित जानकारी से अवगत कराया गया महाविद्यालय डायरेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य द्वारा शिक्षा क्या है? एक शिक्षक की समाज के प्रति भूमिका क्या होनी चाहिए। प्रतिभाओ को मंच के माध्यम से कैसे निखारा जा सकता है साथ ही तकनीकी शिक्षा पर विस्तृत वर्णन किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सी. एस. मेश्राम, रामस्वरूप नगपूरे, बी. सी. पटले, उमेन्द्र नागभिड़े, खेमेन्द्र उमरे, बी. जे. लिल्हारे, अजित बोरकर, गौरव भंडारकर, योगेश नंदनवार, राजेश गजभिये, संतोष बोरकर, संजय मेश्राम, श्रीमति के. के. बड़गैया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### ओबीसी भागीदारी सम्मेलन 25 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा आगामी 25 जुलाई 2025 को ताल कटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में कांग्रेस ओबीसी लीडरशिप भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस ओबीसी सम्मेलन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद संबोधित करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग के नेता एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सिवनी मोहन सिंह चंदेल ने पिछड़ा वर्ग के सभी साथियों से इस सम्मेलन में उपस्थित होकर भागीदारी करने एवं अपनी बात रखने का अनुरोध किया है।

# भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, आठ घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कुरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रुखड़ में आज लगभग 1 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सिवनी से कुरई की ओर जा रही टेक्सी वाहन मार्शल क्रमांक एमपी 50 20 सी 0532 को तेज़ रफ्तार ट्रक वाहन क्रमांक एच आर 38 एएफ 6721 ने ओवरटेक करते हुए जोरदार टक्कर मार दी।

इस दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की अस्पताल में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को कुरई अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। जिसमें टेक्सी ड्राइवर प्रदीप राय 31 वर्ष (2) मीनाक्षी उईके 20 वर्ष (3) निलेश्वरी 18 वर्ष (4 )अंजनी सिरसम 26 वर्ष (5 )शकील 45 वर्ष (6 )सुरता खान 27 वर्ष (7 )सुकून बाई 45 वर्ष (8) सत्यवान कुमरे 21 वर्ष सूत्रों के अनुसार, ट्रक चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था और इससे पहले भी एक अन्य वाहन को टक्कर मारकर भागने की कोशिश कर रहा था पर पुलिस ने पकड़ कर थाना में खड़ा किया। थाना प्रभारी कृपाल टेकाम का कहना है एक टेक्सी वाहन को ट्रक द्वारा जोरदार टक्कर मारी गई, जिसमें दो की मौत हो गई है और 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को कुरई अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। मृतको की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और ट्रक चालक को कुरई थाना में खड़ा किया गया है।

# स्क्रैप मटेरियल से एक विशालकाय बाघ प्रतिमा का मठ मंदिर मे हो रहा निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मिशन लाईफ के अंतर्गत प्रधानमंत्री के द्वारा तीन आर सूत्रों, रिड्यूस रियूस एवं रिसाईकल के भावना के अंतर्गत पेंच टाइगर रिजर्व में लोहे के स्क्रैप मटेरियल से एक विशालकाय बाघ प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। जनवरी महिने में लोहे के अनुपयोगी सामग्रियों जैसे पुरानी साइकिल, पाईप, जंग लगी लोहे की चादरें आदि विविधतापूर्ण सामग्रियों से उक्त प्रतिमा का निर्माण प्रारम्भ किया गया था और अब वह लगभग अपनी पूर्णता की ओर है। जिस तरह से प्रधानमंत्री जी ने मेक इन इंडिया का प्रतीक चिन्ह एक सिंह को बनाया था और वह सिंह भी अनुपयोगी लोहे की सामग्री से बना डिजाइन था उसी से प्रेरणा लेकर लोहे के स्क्रैप मटेरियल के इस बाघ कलाकृति की संकल्पना की गई है। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि इंटरनेट में उपलब्ध वल्ड रिकार्ड एकेदमी के अनुसार दुनिया में सबसे बड़ी बाघ की मूर्ति अमेरिका के जार्जिया राज्य में है जो 8 फिट ऊंची और 14 फिट लंबी है। जबकि पेंच टाइगर रिजर्व में बन रही लोहे के स्क्रैप मटेरियल की यह बाघ कलाकृति पूर्ण होने के उपरांत 16 फिट से अधिक उंची एवं 36 फिट से भी अधिक लंबी होगी।

## श्री नागेश्वर महादेव हो रहा अद्भूत श्रृंगार...



**हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर के छिंदवाड़ा रोड सिवनी मे स्थित श्री नागेश्वर मंदिर मे सावन मासे में भागवन भोलेनाथ का प्रतिदिन श्रृंगार किया जाता है। वही शिव भ क्ति द्वारा पूजन ,अभिषेक , जाप किया जा रहा है।**

# चार-दिवसीय बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सिवनी के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विधानसभा 116 केवलारी के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम महेश अग्रवाल के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विधानसभा स्तरीय चार दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।सहायक नोडल अधिकारी योगेश धुर्वे द्वारा बतलाया गया कि विधानसभा 116 केवलारी में हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत, 4-दिवसीय बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 08/07/25 से 11/07/25 के मध्य किया गया, जिसमें मतदाता सूची का युक्तियुक्तकरण, फॉर्म 6,7,8 एवं विशेष संछिप्त पुनरीक्षण की जानकारी के साथ साथ विशेष गहन संछिप्त पुनरीक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम में विधानसभा 116 केवलारी के लगभग 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कौशल में सुधार किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक सतीश तिवारी एवं राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर रामकृष्ण भ्रमित एवं अन्य 15 मास्टर ट्रेनर्स के अलग अलग प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, इनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अलग अलग विषयो की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को वितरित की गई रैनकोट



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 17 जुलाई 2025 को नगर पालिका सिवनी परिषद सिवनी के स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मचारियों को नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले एवं पार्षदगण मेहमूद भाई, राजिक अकील, विजय गोलू पंडित,संजय भलावी, जोऐब जकी अनवर, श्रीमति राजकुमारी बरमैया, संदेश बास्सा की उपस्थिति में सभी कर्मचारियों को रैनकोट (बरसाती) वितरित की गई। विदित होवे कि सफाई कर्मचारी प्रातःकाल से ही अपने-अपने वार्डों में सफाई करने अपने घर से निकल जाते है साथ ही वर्तमान में वर्षा ऋतु को दृष्टिगत नपा अध्यक्ष, सीएमओ एवं पार्षद द्वारा कर्मचारियों को रैनकोट (बरसाती) दी गई इस अवसर पर निकाय के उपयंत्री, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, लिपिक, वार्ड जमादार उपस्थित रहें।

# सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।



अधीक्षण अभियंता सिवनी द्वारा आज लखनादौन संभाग के समस्त सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें माह जुलाई 2025 में पिछले वर्ष की तुलना में 125त्न राजस्व कलेक्शन प्राप्त करने, बिलिंग दक्षता बढ़ाने के लिये कार्य करने के लिए सभी कनिष्ठ/सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया गया ।

5000 से अधिक समस्त बड़े बकाया दारो के कनेक्शन विच्छेदित कर नियमानुसार कार्यवाही करने, फोन कॉल के माध्यम से ऑपरेटर , कार्यालय सहायक को लिस्ट देकर कॉलिंग के माध्यम से समस्त उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने हेतु प्रेरित करने सभी शासकीय विभागों में लंबित बकाया राशि जमा करने हेतु संबंधित विभाग प्रमुख से लगातार संपर्क में रहकर भुगतान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

घरेलू उपभोक्ताओं का 1द्म2 से कम भार वाले उपभोक्ताओं का लोड वेरिफाई करके बढ़ाने के साथ 3द्म2 से अधिक लोड सर्वे कर भार बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। 5द्म2 एवं 5000 से अधिक वाले उपभोक्ताओं के बैंक अकाउंट संग्रह करके छ्रक्र की कार्यवाही करने, तहसील हेडक्वार्टर में स्थित समस्त शासकीय विभागों के ऑफिस में स्मार्ट मीटर समय सीमा में स्थापित करने लिए निर्देशित किया गया।

## पैसा तो कभी नहीं कहता है कि मैं तुम्हारा हूं

सिवनी श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 18जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई, कमेटी ने बताया कि 30 जुलाई मुनि श्री भावसागर जी महाराज का 22 वां मुनि दीक्षा दिवस प्रातः 8 बजे से धूमधाम से मनाया जाएगा, 31 जुलाई को श्री पारसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव महामस्तकभिषेक एवं निर्वाण लाडू अर्पण के साथ संपन्न होगा, 7 से 9 अगस्त तक रक्षाबंधन महोत्सव रक्षाबंधन विधान के साथ प्रतिदिन प्रात 6 बजे से मांगलिक क्रियाओं के साथ संपन्न होगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



मध्य प्रदेश शासन सहकारिता विभाग के पत्र क्रमांक/ विधि/2025/880 दिनांक 08/04/2025, पत्र क्रमांक साख 504 दिनांक 03/03/2025 एवं पत्र क्रमांक साख/ विधि/ 2025/ 1385 दिनांक 11/06/2025 के निर्देश अनुसार आज दिनांक तक वर्षो से लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया जिससे कर्मचारियों को मजबूर होकर दिनांक 23 जुलाई 2025 को एक दिवसीय मुख्यमंत्री निवास या विंध्याचल भवन का घेराव, आंदोलन, चक्का जाम, धरना प्रदर्शन करेंगे। अतः आप से अनुरोध है कि निम्न लंबित समस्याओं का निराकरण निर्धारित आंदोलन के पूर्व तत्काल किया जावे अन्यथा मजबूर होकर प्रदेश के 55000 पैक्स कर्मचारी धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। अगर कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो शासन / प्रशासन पूर्ण रूप से जवाबदार होंगे।

# बरघाट पुलिस ने विक्रय के आशय से अवैध शराब रखे व्यक्ति को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा जिले में चल रहे अवैध गतिविधियो पर नियत्रण व वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना। चौकी प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है। दिनांक 18/07/25 को मूखबीर के सूचना प्राप्त हुई की ग्राम साल्हेकलों का रहने वाला निगम पिता तारसिंह मर्सकोले अपने आधिपत्य में अधिक मात्रा में हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब 15-15 लीटर वाली प्लास्टिक की केन में भरकर बेचने के आशय से रखा हुआ है। उक्त सूचना की प्राप्ति पर पुलिस अधीक्षक श्री सुनिल मेहता के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को मय पुलिस स्टाफ के सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मूखबिर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर एक आदमी को पकड़ा गया जिसके पास 15-15 लीटर वाली प्लास्टिक की 04 केन मिली उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम निगम पिता तारसिंह मर्सकोले उम्र 21 साल नि. साल्हेकला का रहने वाला बताया। उक्त व्यक्ति के पास रखी चारो केनो को चेक करने पर कुल 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब करीब 6000 रूपये की रखी होना पाया गया। उक्त शराब के संबंध मे संदेही आरोपी से वैध दस्तावेज चाहने पर किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं होना बताया जो आरोपी निगम मर्सकोले का कृत्य 34(2) आबकारी एक्ट से दण्डनीय पाये जाने से कुल 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब किमती 6000 रूपये की समक्ष गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# डूंडासिवनी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर चलाया नशे से दूरी है जरुरी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के नशे से दूरी है जरुरी अभियान के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक संचालित होने वाले इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व अति पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन मे एवं सी.एस.पी. सिवनी श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा अभियान प्रांरभ किया गया। दिनांक 15.07.25 को थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेत्तृव मे जनता नगर चौक से 'नशे से दूरी है जरुरी अभियान प्रांरभ किया गया ग्राम के गणमान्य नागरिक, आमजन कि उपस्थिति मे अभियान के संबध मे जानकारी दी गई इस दौरान नशे के दुष्परिणामो से अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति से जुडी हेल्पलाईन नंबर 1933,14446 की जानकारी दी गई व अभियान को सफल बनाने के लिये अपील की गयी। दिनांक 16.07.25 को उप. निरी. दामिनी हेडाउ के नेत्तृव मे संदीपिनी स्कूल डूण्डासिवनी मे स्कूली छात्र छात्राओ को नशे से दूर रहने व नशे से पीडित व्यक्तियो को नशा छोडने के लिए प्रेरित किया गया व शपथ दिलाई गयी । दिनांक 17.07.25 को सउनि संजय बघेल के नेतृव मे शासकीय आईटीआई शाला चुनाभट्टी मे अध्यनरत छात्रो को नशे से दूर रहने नशे के दुष्परिणामो से अवगत कराया गया व नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश हमारा सकंल्प दोहराया गया। नोटः- डूण्डासिवनी पुलिस कि अपील 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान से जुडकर समाज को नशा मुक्त बनाने मे सहयोग करे।

# कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने सुझाए धान एवं मक्के में वर्तमान में आ रही समस्याओं का समाधान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राधिकृत अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी ने बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा समय-समय पर किसानों को समसामयिक जानकारी प्रदान की जाती है। वर्तमान समय में खेतों में धान,मक्का सोयाबीन एवं अरहर की बुवाई की जा चुकी है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल ने बताया कि वर्षा काल में किसान भाई अपने खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें, सोयाबीन फसल में पानी का जल निकासी की समुचित प्रबंध करना अति आवश्यक है, लगातार वर्षा के दौरान पानी का भराव ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। मक्के को जिन किसान भाइयों ने उन्नत तकनीक जैसे की रेज्ड बेड प्लांटर मशीन से (मेड व गहरी नाली पद्धति) द्वारा मक्का दलहन व तिलहन फसलों की बुवाई की है। इस विधि से अत्यधिक वर्षा होने पर नालियों से वर्षा जल बाहर निकल जाता है और फसलों को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचती है। अतः किसान भाई उन्नत तकनीक के द्वारा अत्यधिक वर्षा काल में भी बेहतर फसल प्राप्त कर सकते हैं,कृषि विज्ञान केंद्र में ग्राम सिमरिया के प्रगतिशील किसान श्री शिवराम सनोडीया एवं ग्राम फ़रेदा के श्री भुजबल गहलोत एवं अन्य किसानों को केवीके की कृषि ओपीडी में तकनीकी सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉक्टर के के देशमुख द्वारा किसान भाइयों को सलाह दी जाती है की धान की सीधी बुवाई वाले खेत जो की ढलान वाले हैं एवं जहां पर पानी नहीं रुकता है उन खेतों में धान की फसल में पौधे पीले पड़ रही है इन परिस्थितियों में खेत में फेरस सल्फेट 10 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर फसल के पत्तियों पर छिड़काव करना उपयोगी होगा यह छिड़काव 2 से 3 बार करने पर फसल में समस्या में सुधार होगा।

## उगली थाना में एक दर्जन से ज्यादा पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला.

**सोनखार (प्रदीप तिवारी)**-इसी के अंतर्गत बात करें उगली पुलिस थाना में लगभग 15 स्टाफ का तबादला भी हो गया थाना प्रभारी उगली सदानंद गोदेवार से जब इस संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मेरे थाने में 15 लोगों का तबादला हो गया है, और कुल 9 स्टाफ के आने की सूची प्राप्त हुई है जिसके आधार पर आज दिन तक केवल चार से पांच स्टाफ ही पहुंच पाए हैं क्योंकि पुलिस थाना उगली के अंतर्गत बहुत बड़ा कार्यक्षेत्र आता है. निकट जिले बालाघाट नक्सलाइट जोन से लगा हुआ थाना और केवल एक थाना प्रभारी के हाथ में इतने बड़े थाना की कमान है. उच्च अधिकारियों को यह सोचना चाहिए की जितना स्टाफ का यहां से तबादला हुआ है, उतनी संख्या में स्टाफ इस थाना क्षेत्र पर भेजें तभी यहां की शांति सुरक्षा सही ढंग से चल सकती है।

## गुमशुदा



शांति बाई पिता ओझा लाल उईक के उम्र लगभग 15 साल 9 माह 20 दिन दिनांक 6/ 3/ 2023 से अपने निज निवास पातरकाही आदेगांव सिवनी से लापता है जिसका हुलिया 5 फिट रंग सावला कक्षा पांचवी लिखीं पढ़ी है। गुलाबी सूट पहनी हुई है जिसको भी जानकारी मिले कृपया उक्त नंबर पर संपर्क करें 8269224004।

## लेखा प्रशिक्षण 01 अगस्त 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक

**सिवनी ।** प्रभारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा बताया गया कि शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 01 अगस्त 2025 से प्रारंभ किया जायेगा। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म. प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर लिया है। ऐसे कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।उक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन 25 अगस्त 2025 शाम 05 बजे तक इस कार्यालय में जमा किये जावेंगे। उक्त प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को म. प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2,000 का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

## गया प्रसाद सोनी की अनुशंसा पर योगेश गढ़वाल जिला अध्यक्ष नियुक्त

# योगेश गढेवाल बिट्टु जाखम बने सिवनी जिले के मीडिया संगठन जिला अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मीडिया संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष गयाप्रसाद सोनी की अनुशंसा पर सिवनी जिले के लिए नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस दौरान संगठन ने भाई बिट्टू जख्म उर्फ योगेश गढ़वाल को सिवनी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। कार्यक्रम के दौरान छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष मनेश साहु सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। नियुक्ति के बाद योगेश गढ़वाल ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों और हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। संगठन ने विश्वास जताया कि नए जिला अध्यक्ष मीडिया जगत की मजबूती और निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।





कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भैतिक.रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-ड इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्कैन,डायलिसिस, पैथोलॉजी
सभी प्रकार की जांच सुविधा)
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

### सीएचओ मेडम की घोर लापरवाही : सरपंच वैभव बिसेन ने लगाई फटकार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी भी पंहुचे

# गर्रा में फैला डायरिया, 12 से अधिक ग्रामीण बीमार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा में डायरिया की बिमारी से 12 से अधिक ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। वहीं तीन मरीजो की स्थिति बिगड़ने के चलते जिला चिकित्सालय एवं निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं।

मिली जानकारी अनुसार 16 जुलाई से ग्राम पंचायत गर्रा के वार्ड नंबर 18 मरारी टोला में डायरिया की शिकायत प्राप्त हो रही थी।ि जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने जानकारी लगते ही उपस्वास्थ्य केन्द्र गर्रा में पदस्थ सीएचओ प्रेक्षा ठाकरे, श्रीमती अनिता बिसेन एनएम और सभी आशा कार्यकर्ता बहनों को वाट्सअप के माध्यम से सूचना दी गई थी, उपरोक्त क्षेत्र में डायरिया की शिकायत प्राप्त हो रही हैं। आप लोग पहुंचकर ग्रामीणों का उपचार करें तथा रात में ही डायरिया से पीड़ित मरीजो को लगभग रात्रि 12 बजे डाक्टर श्रीवास्तव के यहां वैभव बिसेन के द्वारा उपचार के लिए भर्ती करवाया गया।

सीएचओ मेडम प्रेक्षा ठाकरे को पूर्व में भी लापरवाही के चलते ग्रामीणों ने शिकायत की थी। बीते कल शुक्रवार को अजय पंचेश्वर जो कि डायरिया से पीड़ित हैं। आाशा कार्यकर्ता और एनएम और सीएचओ मेडम विलम्ब से पहुंची। ग्राम प्रधान वैभव बिसेन सुबह से ही ग्रामीणों के बीच परिजनों से मुलाकात कर पीड़ित परिवारों की स्वास्थ्य व्यवस्था बना रहें थे और उन्हें जिला मुख्यालय में भर्ती कराकर उपचार करवा रहे थे। स्वास्थ्य अमला की लापरवाही देखकर ग्राम प्रधान ने मौके पर ही सीएचओ मेडम प्रेक्षा ठाकरे को सेवा में लापरवाही के चलते जमकर फटकार लगाई एवं वही से जिला स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलप से दूरभाष पर चर्चा कर स्वास्थ्य अमला की लापरवाही बताई तथा कार्यवाही की मांग की।

#### क्या बोले वैभवसिंह बिसेन...

सीएचओ मेडम की नियुक्ति उपस्वास्थ्य केन्द्र गर्रा में स्थाई तौर पर हैं। उन्हें 24 घंटे मुख्यालय में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की सेवा करना हैं। किन्तु सीएचओ मेडम प्रेक्षा ठाकरे अन्यत्र 30 किमी. दूर से आना-जाना करती हैं, मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहती हैं। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि मेडम पर कड़ी कार्यवाही की जायें ताकि स्वास्थ्य व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहें। वहीं प्रधान ने कहा कि बात ग्राम गर्रा की नहीं हैं, सम्पूर्ण बालाघाट जिले में सीएचओ के द्वारा लापरवाही बरती जा रही हैं। यही हाल सम्पूर्ण मध्यप्रदेश का हैं। जिला में पदस्थ डाक्टरो का भारी भरकम वेतन होने के चलते गांव डाक्टरों की नियुक्ति मध्यप्रदेश सरकार नहीं कर पा रही हैं इसी के चलते मध्यप्रदेश सरकार ने ग्रामीणों क्षेत्रों में सीएचओ की पोस्टिंग की हैं। किन्तु सीएचओ के द्वारा मुख्यालय में न रहकर घोर लापरवाही बरती जा रही हैं। हम मध्यप्रदेश के मुखिया मोहन यादव से मांग करते हैं कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारा जाए।



#### बीमारी से पीड़ित ग्रामीण

सहमत बाई, यशवंती जामरे, ज्योति पंचेश्वर, किरण मात्रे, कनक खरे, बैगीन बाई, मोवती पंचेश्वर, प्रियांश पंचेश्वर, रतनलाल पंचेश्वर, दुर्गाप्रसाद पंचेश्वर, गेंदाबाई पंचेश्वर, कौशलबाई पंचेश्वर, रंगलाल पंचेश्वर, सरीता दांदरे, जीरन बाई दांदरे, संतोष सोनेकर, हिमेश सोनेकर, श्रृष्टि सोनेकर।

#### इनका कहना हैं

बालाघाट जिले में पदस्थ सभी सीएचओ को मुख्यालय में रहने के लिए पत्र जारी किया गया हैं। आदेश के उपरांत भी अगर कोई सीएचओ मुख्यालय में नहीं रहता हैं, कार्य प्रति लापरवाही बरतता हैं उनके वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

**परेश उपलप**
**जिला मुख्या स्वास्थ्य अधिकारी**

### सीसीटीव्ही में कैद हुए संदिग्ध

## सांची दुकान से चोरों ने उड़ाए डेढ़ का सामान, 30 हजार नगदी भी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला मुख्यालय कोतवाली थाना क्षेत्रांर्नगत नया आईजी कार्यालय के समीप सांची दुग्ध दुकान से गुरूवार की रात अज्ञात चोरो ने डेढ़ लाख सामान सहित नगदी 30 हजार रूपये चोरी कर भाग गये हैं। यह दुकान शहर के प्रमुख और व्यस्त इलाके में स्थित है, जहां से कोतवाली थाने की दूरी भी महज कुछ ही कदमों की है।

दुकान संचालक अंकुश बाजपेयी ने बताया कि वह बीते चार-पांच सालों से यहां सांची की अधिकृत दुकान चला रहे हैं। रोज की तरह गुरुवार रात दुकान बंद कर वे घर लौटे थे, लेकिन शुक्रवार सुबह जब दुकान पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ था और भीतर रखा पूरा सामान गायब था।

अंकुश बाजपेयी के अनुसार चोर करीब 25 से 30 हजार रुपए नकद और 1 से 1.5 लाख रुपए कीमत का सामान चुरा ले गए हैं। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और पास में लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखे।

कंट्रोल रूम में दिखे सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, रात लगभग 1:50 बजे दो संदिग्ध व्यक्ति दुकान के पास नजर आए। माना जा रहा है कि इन्होंने ही वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

शहर के बीचों-बीच, पुलिस कार्यालय और थाने के पास हुई इस चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में भय का माहौल है।

कोतवाली पुलिस ने कहा है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है। जल्द ही मामले में कार्रवाई की उम्मीद है।

## खनिज अधिकारी खातरकर तत्काल प्रभाव से निलंबित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की अनुशंसा पर खनिज विभाग द्वारा प्रभारी खनिज अधिकारी श्री आर के खातरकर को अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खनिज विभाग के क्षेत्रिय कार्यालय जबलपुर में निर्धारित किया गया है। प्रभारी खनिज अधिकारी श्री आरके खातरकर द्वारा कलेक्टर की अनुमति के बगैर ई-खनिज पोर्टल अपने मनमाने ढंग से बंद करने और शुरू करने का कार्य किया गया था। उनके द्वारा मे. हीरा पावर एंड स्टील लिमिटेड रायपुर के जगनटोला मैंगनीज अयस्क खदान के ई-खनिज पोर्टल को 31 दिसम्बर 2024 को अपने अधिकार का गलत प्रयोग कर बंद (सस्पेंड) कर दिया गया था। इसके बाद 19 मार्च 2025 को डीजीएमएस के नोट के अनुसार कार्यवाही पूर्ण कर जिला खनिज कार्यालय में जानकारी प्रस्तुत कर देने के बाद भी ई-खनिज पोर्टल शुरू नहीं किया गया था। श्री खातरकर द्वारा 15 मई 2025 को ई-खनिज पोर्टल शुरू किया गया था। अपने शासकीय कर्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन नही करने, स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही बरतने के कारण राज्य शासन द्वारा कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की अनुसंशा पर प्रभारी खनिज अधिकारी आरके खातरकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर निर्धारित किया गया है।

## आयुष्मान कॉर्ड बनाने में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान 14 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में बालाघाट जिला 81 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। बैतूल जिला 78 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं अनुपपुर जिला 77 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर है।

बालाघाट जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के निर्देशन में एक मिशन के रूप में इस कार्य को किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिले में 01 लाख 31 हजार 468




पात्र लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने है। 16 जुलाई तक जिले में 01 लाख 07 हजार 54 लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाकर 81 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सराफ ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सम्पूर्ण मप्र में 16 जुलाई तक 05 लाख 66 हजार 967 आयुष्मान कार्ड बनाये गए है। जिसमें से केवल बालाघाट जिले में 01 लाख 07 हजार 54 कार्ड बनाये गए है। इस प्रकार देखा जाए तो प्रदेश में बने हर पांच आयुष्मान कार्ड में एक कार्ड बालाघाट जिले का बना है। इस उपलब्धि को हासिल करने में स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का विशेष योगदान रहा है।

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग को एक साल में 05 लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना में आयुष्मान कॉर्ड धारक व्यक्ति का उपचार योजना में पंजीकृत अस्पताल में किया जाता है। मरीज के उपचार पर आए खर्च की राशि शासन द्वारा संबंधित अस्पताल को प्रदान कर दी जाती है।

## आकाशीय बिजली गिरने से 2 किसानों की मौत



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

18 जुलाई को वारासिवनी थाना क्षेत्र के थानेगांव में 40 वर्षीय भानु प्रसाद सुलकियादोपहर 3 बजे खेत में काम कर रहे थे। मौसम खराब होने पर उन पर बिजली गिर गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग उन्हें घर लेकर गए।

परिजन उन्हें सिविल अस्पताल वारासिवनी ले गए। एम्बुलेंस नहीं मिलने पर निजी वाहन का सहारा लिया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं।

एक दिन पहले 17 जुलाई को किरनापुर क्षेत्र के मंगोली कलां में 37 वर्षीय प्रफुल्ल रिनायत की भी बिजली गिरने से मौत हो गई।

पुलिस ने दोनों मामलों में शव का पंचनामा किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने वारासिवनी विकासखण्ड के प्राचार्यो की ली समीक्षा बैठक

**बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय द्वारा 18 जुलाई 2025 को विकासखण्ड वारासिवनी के प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने नामांकन, निःशुल्क सायकल वितरण, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रवृत्ति, छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों के OTR नामांकन, आकांक्षा योजना अंतर्गत किये गये पंजीयन की समीक्षा की। इस दौरान चाईल्ड ट्रैकिंग एप एवं ₹एक पेड मां के नाम 2.0₹ अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण, डेली डायरी, पाठ्यक्रम विभाजन पंजी, उपस्थिति तथा प्रायोगिक कार्य संपादित किए जाने के निर्देश दिए। सभी प्राचार्यो को पाठ्य पुस्तक वितरण की विमर्श पोर्टल पर इंट्री 19 जुलाई 2025 तक हर हालत में किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

### जिले भर से पहुंचे प्राथमिक सहकारी समिति कर्मचारी

# संभाग स्तरीय राशन डीलर सम्मेलन सम्पन्न







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कमला नेहरू सभागार में बीते कल शुक्रवार को मुख्य अतिथि माननीय गौरीशंकर बिसेन पूर्व केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं विशिष्ट अतिथि माननीय अशोक मिश्रा प्रदेश संयोजक मध्यप्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत सहकारी कर्मचारी एवं विक्रेता संघ के तत्वाधान में संभाग स्तरीय राशन डीलर सम्मेलन आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन एवं मंचासीन अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। उसके उपरांत मंच में उपस्थित अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया। ृजिले भर से पहुंचे विक्रेताओं ने मंच के माध्यम से दुकानों में आ रही समस्याओं के बारे में अपना पक्ष रखा। जिला अध्यक्ष सूर्यकांत नगपुरे(रिंकु) सेल्समेन गर्रा ने जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि विक्रेताओं को बहुत सी समितियों में 18 माह का एरियस का पैसा जो राज्य शासन के द्वारा 49 हजार रुपए दी है वो विक्रेताओं को प्राप्त नहीं हुआ है जबकि 29 मार्च 2025 के पहले तक विक्रेताओं को पैसा देना था। राशन में विक्रेताओं को तौलक की सुविधा कराई जाए। प्रति क्विंटल 2किग्रा राशन का शॉटेज दिया जाए। जिन समितियों ने विक्रेताओं की प्रोत्साहन राशि आधी अधूरी दी है उसको पूरा दिया जाए। जिन विक्रेताओं की वेतन 10 हजार से कम है उसको बढ़ाया जाए। समूह की महिला विक्रेताओं को पूरा पीडीए का कमीशन दिया जाए और हर माह कमीशन बिना कटौती के महिला विक्रेताओं को दिया जाए।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इनकी उपस्थिति रही। के.सी. टेंभरे जिला संयोजक, बसंत सोनी संभागीय महासचिव, धीरन डहारे कार्यवाहक अध्यक्ष, मनोज नगपुरे जिला महासचिव, सुर्यकांत नगपुरे जिला अध्यक्ष, तोमेश्वर कटरे जिला उपाध्यक्ष, विजय लिल्हारे जिला उपाध्यक्ष, धनेश पटेल कोषाध्यक्ष, छगनलाल बसेने सहसचिव, पियुष बिरनवार जिला सचिव, शैलेष गौतम संगठन मंत्री, रविकांत क्षीरसागर जिला सचिव, जयसिंह नगपुरे जिला उपाध्यक्ष, खेलिराम लिल्हारे जिला उपाध्यक्ष, चमन बिसाने मीडिया प्रभारी, धनुसिंह उईके सहसचिव।

## कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीयो ने किया एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

शुक्रवार 18 जुलाई को खैरलांजी मुख्यालय में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में कांग्रेस पाट्री के पदाधिकारीयो के द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए विविध मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा । बताया की प्रदेश सरकार के द्वारा कृषको से किए वादे अबतक पुरे नही किए । महंगाई और बेरोजगारी की समस्या बनी हुई है जिससे आम जन परेशान है। साथ ही क्षेत्र की समस्याओ से अवगत कराया गया जिसका तत्काल समाधान करने की मांग की गई। इस दौरान कांग्रेस पाट्री के कार्यकर्ताओ ने बताया की क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है जिस को तत्काल रोका जाए, क्षेत्र की सेवा सहकारी समितीयो मे डीएपी , यूरिया, पोटाश ,सुपर फास्फेट अन्य उर्वरक की दिक्कत बनी है , जिससे पर्याप्त रूप से उपलब्ध किया जाए । सिंचाई व नहर विभाग के द्वारा पिछले करीब तीन चार वर्षो से नहरो की साफ-सफाई नही की जा रही है। नहरो की सफाई तत्काल की जाए ताकि कृषको को नहरो से सुचारू रूप पानी मिले। अभी हाल ही में अतिवृष्टि और बाढ से कृषको की फसल और मकान क्षतिग्रस्त हुई है जिसका जायजा लेकर मुआवजा दिया जाए। सहित अन्य मांगो को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया । इस दौरान जावेद अली राहुल गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष , दुर्गाप्रसाद लिल्हारे जनपद उपाध्यक्ष, फेकनलाल डोहरे पूर्व जनपदअध्यक्ष, युवा नेता मिथलेश नागपुरे, रेशमा कुमरे सेवादल जिलाध्यक्ष, संदेश सैय्याम आदिवासी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष, लक्ष्मी वाघाडे ग्रामीण महिला जिलाध्यक्ष, रामकुमार नागपुरे पूर्व जिलापंचायत सदस्य, देवेंद्र बरेवार सरपंच भौरगड, योगेश सुलाखिया जनपद सदस्य प्रतिनिधी, भारत सिंह शिवहर सामाजिक कार्यकर्ता, जयेश देशमुख , देवराज भोयर, अजाब सिंह कृपगऐ, मुकेश दमाहे, विकास कृपगऐ विनीत बनोटे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कल युरियॉ के रेक लेकर बालाघाट पहुंचेगी मालगाड़ी

**बालाघाट।** किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक की आपूर्ति के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है। जिले की सभी सहकारी समितियों में उर्वरक पहुंचाया जा रहा है। 20 जुलाई को मालगाड़ी की एक रेक युरियॉ उर्वरक के साथ बालाघाट पहुंचने वाली है। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि नेशनल फर्टिलाईजर कम्पनी का 2698 मीट्रिक टन युरियॉ लेकर मालगाड़ी विजयपुर संयंत्र से 18 जुलाई को बालाघाट के लिए रवाना हो गई है। यह मालगाड़ी 20 जुलाई को बालाघाट पहुंचेगी। इसमें से बालाघाट जिले को 1800 मीट्रिक टन युरियॉ प्राप्त होगा। इसी प्रकार केपीएल कम्पनी का 1386 मीट्रिक टन (एनपीके) 20:20:00:13 उर्वरक लेकर मालगाड़ी 23-24 जुलाई को बालाघाट पहुंचने वाली है। ईफ्को कम्पनी का डीएपी एवं युरियॉ लेकर दो मालगाड़ी अगले एक सप्ताह के भीतर बालाघाट पहुंचने वाली है। उपसंचालक श्री मालवीय ने बताया कि जिले की सभी सहकारी समितियों में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो जाएगा। मालगाड़ी के रेक बालाघाट पहुंचने पर उर्वरक शीघ्रता से सहकारी समितियों में पहुंचाया जाएगा।

### अमोली सरपंच को मिला स्टे...

## जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने उच्च न्यायालय में लगाई थी याचिका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




लालबर्रा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोली के सरपंच किशोर पडवार को पंचों के द्वारा अविश्वास पारित कर पद से पृथक करने की कार्यवाही कराई गई थी,वहीं आगामी 22 जुलाई 2025 को पुनः मतदान होना था। इससे पूर्व भी जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन के अथक प्रयासों से ग्राम पंचायत अमोली के सरपंच की सरपंची बच गई। श्री बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ता प्रफुल बोपचे और नितिन शुक्ला के द्वारा उच्च न्यायालय में मामले को देखा जा रहा था। वैभव बिसेन ने सभी सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य की विजय हुई, असत्य पराजय हुआ। भारत का संविधान जिंदाबाद, मध्यप्रदेश पंचायती राज जिंदाबाद।

## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव एवं भीमजोरी में नशा न करने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।




पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नशे से दूरी है जरूरी विषय पर विशेषजन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार 18.जुलाई को थाना मलाजखंड क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव में ए.एन.एम श्रीमती रेखा भलावी एवं वार्ड पार्षद श्रीमती माया टांडिया की उपस्थिति मे लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से बचने हेतु समझाइश दी गई वहीं वॉर्ड पार्षद माया टांडिया एवं ए.एन.एम रेखा भलावी के द्वारा भी उपस्थित लोगों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के संबंध में जागरूक किया गया। इसके बाद ग्राम भीमजोरी के झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले लोगों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया, नशा मुक्ति से संबंधित पेंपलेट का वितरण किया गया एवं नशा नहीं करने के संबंध में शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के दौरान थाना मलाजखंड से एसआई अनुराग सिंह भदौरिया, एएसआई सुलेखा मरकाम, बृजलाल उईके उपस्थित रहे।

